केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या :
कोर/जी/पीआर/010/भाग-XXII दिनांक 16.09.2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ**

-------------

रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, (कोर) प्रयागराज, में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ आज दिनांक 16 सितम्बर 2020 को हुआ जो कि 30 सितम्बर 2020 तक चलेगा।

इसी क्रम में सर्व प्रथम आज वेबिनार का आयोजन किया गया जिसका **मुख्य विषय – " कोविड-19 से बचाव हेतु स्वच्छता उपाय"** रहा इस बेविनार में केन्द्रीय चिकित्सालय/उ॰म॰रे॰/प्रयागराज से डा॰एस॰के॰हान्डू, ए॰सी॰एच॰डी॰ तथा प्रयागराज मण्डल/उ॰म॰रे॰ से श्री शिव सिंह, सी॰डी॰(ई एण्ड एचएम) ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित किया।

उन्होने अपने सम्बोधन में कोविड-19 से बचाव हेतु स्वच्छता के बहुत सारे उपाय बताये जिसको अपना कर कोविड-19 महामारी से बचा जा सके। स्वच्छता को केवल अपने घर तक सीमित न किया जाय वरन अपने आस-पास के परिवेश को भी स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाए। स्वच्छता हमारे शिष्टाचार व्यवहार का प्रधान अंग है। उन्होने अपने सम्बोधन में स्वच्छता की आदत को अपने जीवन शैली में शामिल करने का भी आग्रह किया तथा कहा कि यह निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होने कहा की सभी लोग न स्वयं गंदगी करें और न ही किसी को गंदगी करने देंगे।

स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत दिनांक 17.09.2020 को स्वच्छ परिसर, दिनांक 18.09.2020 को स्वच्छ नीर, दिनांक 19.09.2020 को रेलवे कॉलोनियों की साफ-सफाई, दिनांक 22.09.2020 को स्वच्छ प्रसाधन, दिनांक 24.09.2020 को ऑनलाइन प्रतियोगिता एवं दिनांक 23.09.2020 एवं दिनांक 29.09.2020 को वी॰सी॰ के माध्यम से रिवियू मीटिंग होगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक श्री राजेश चतुर्वेदी तथा कोर के अधिकारी एवं कर्मचारी वेबिनार के माध्यम से इसमें सम्मिलित हुए। एवं सारगर्भित जानकारी से लाभान्वित हुए।

(अमिताभ शर्मा)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज